# रंजन पोलिस्टर्स लिमिटेड

कॉरपोरेट आइडेंटिटी नंबर (सीआईएन): L24302RJ1990PLC005560
पंजीकृत कार्यालय: 11-12TH, की. मी. स्टोन, चित्तौड़गढ़ रोड, गुवारड़ी, भीलवाड़ा -311001(राजस्थान), इंडिया, वेबसाइट:-www.ranjanpolysters.com
फ़ोन: 01482-297132, ई-मेल: ranjanpoly@gmail.com

## 36वीं वार्षिक साधारण सभा रिमोट ई-वोटिंग तथा बुक क्लोजर की सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **रंजन पॉलिस्टर्स लिमिटेड ("कंपनी")** के सदस्यों की 36वीं वार्षिक साधारण सभा (एजीएम) बुधवार, 30 सितंबर, 2026 को दोपहर 04:00 बजे, कंपनी के पंजीकृत कार्यालय 11-12TH, की. मी. स्टोन, चित्तौड़गढ़ रोड, गुवारड़ी, भीलवाड़ा -311001,राजस्थान, भारत में आयोजित की जाएगी, जिसमें 36वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना में उल्लिखित कार्यों का निष्पादन किया जाएगा।।

वार्षिक आम बैठक की सूचना की इलेक्ट्रॉनिक प्रतियां उन सभी सदस्यों को भेजी गई हैं, जिनके नाम 29 **अगस्त**, 2026 को सदस्यों के रजिस्टर/डिपॉजिटरी के रिकॉर्ड में दर्ज थे तथा जिनके ई-मेल आईडी कंपनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के पास पंजीकृत हैं।

इसके अतिरिक्त, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्कताएँ) नियमावली, 2015 के विनियम 36(1)(b) के अनुसार, जिन शेयरधारकों के ई-मेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के पास पंजीकृत नहीं हैं, उन्हें वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त करने हेतु वेब-लिंक उपलब्ध कराने वाला भौतिक पत्र भेजा गया है। वार्षिक रिपोर्ट के साथ एजीएम की सूचना का प्रेषण **02 सितंबर, 2026** को पूरा कर लिया गया है।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के प्रावधानों के साथ पठित कंपनी ( प्रबंधन एवं प्रशासन ) नियम, 2014 के नियम 20 एवं भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्कताएँ) नियमावली, 2015 की नियमावली 44 के प्रावधानों के अनुसार, एतद्द्वारा निम्नलिखित सूचना दी जाती है:

1. कंपनी द्वारा कंपनी के सदस्यों को वार्षिक आम बैठक की सूचना में उल्लिखित प्रस्तावों पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से मतदान करने में सक्षम बनाने हेतु सेंट्रल डिपाजिटरी सर्विसेज (इण्डिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) के प्लेटफॉर्म पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग की सुविधा प्रदान की जा रही है।
2. ई-वोटिंग की अवधि रविवार, 27 सितंबर, 2026 को प्रातः 9:00 बजे प्रारंभ होगी।
3. ई-वोटिंग की अवधि मंगलवार, 29 सितंबर, 2026 को शाम 5:00 बजे समाप्त होगी।
4. उक्त दिनांक एवं समय के पश्चात ई-वोटिंग की अनुमति नहीं होगी।
5. कट-ऑफ दिनांक: 23 सितंबर, 2026
6. जिस व्यक्ति का नाम 23 सितंबर, 2026, अर्थात कट-ऑफ दिनांक को सदस्यों के रजिस्टर/लाभकारी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज होगा, केवल वही सदस्य रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा तथा वार्षिक आम बैठक में मतदान की सुविधा प्राप्त करने का हकदार होगा।
7. जिन सदस्यों ने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना मत दे दिया है, वे बैठक में उपस्थित हो सकते हैं, परंतु वे बैठक में पुनः मतदान करने के हकदार नहीं होंगे।
8. कोई भी व्यक्ति जो वार्षिक साधारण सभा की सूचना भेजे जाने के बाद कंपनी के शेयर प्राप्त करता है और कंपनी का सदस्य बनता है तथा अंतिम तारीख को शेयर धारण करता है, वह वार्षिक साधारण सभा की सूचना में दी गई प्रक्रिया का पालन करके या कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट, मेसर्स बीटल फाइनेंसियल और कंप्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, 'बीटल हाउस' तीसरी मंजिल, 99 मदनगीर, बी एच - लोकल शॉपिंग काम्प्लेक्स, दादा हरसुखदास मंदिर के समीप, न्यू दिल्ली - 110062 से संपर्क करके रिमोट ई-वोटिंग हेतु यूजर आई.डी.और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। यूजर आई.डी.और पासवर्ड प्राप्त करने की विस्तृत प्रक्रिया वार्षिक साधारण सभा की सूचना में भी दी गई है, जो सेंट्रल डिपाजिटरी सर्विसेज (इण्डिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) की ई-वोटिंग वेबसाइट www.evotingindia.com पर उपलब्ध है।
9. वार्षिक रिपोर्ट के साथ वार्षिक साधारण सभा की सूचना का प्रेषण 02 सितंबर, 2026 को अनुमत माध्यमों से पूरा कर लिया गया है। जिन सदस्यों को वार्षिक साधारण सभा की सूचना एवं वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है, वे इसे कंपनी की वेबसाइट ranjanpolysters.com तथा स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.msei.in से डाउनलोड कर सकते हैं।
10. वार्षिक आम बैठक में मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में उपस्थित वे सदस्य, जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना मत नहीं दिया है, बैठक में मतपत्र के माध्यम से अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। घोषित परिणाम एवं संवीक्षक रिपोर्ट को सदस्यों की जानकारी के लिए कंपनी की वेबसाइट तथा सेंट्रल डिपाजिटरी सर्विसेज (इण्डिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) की वेबसाइट पर रखा जाएगा तथा स्टॉक एक्सचेंज को भी इसकी सूचना दी जाएगी।
11. इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की सुविधा से संबंधित किसी भी प्रश्न या शिकायत के लिए श्रीमान राकेश दलवी, मैनेजर सीडीएसएल, ए-विंग, 25वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरेक्स, मफतलाल मील कंपाउंड, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर पारेल (ईस्ट), मुम्बई–400013, ईमेल helpdesk.evoting@cdslindia.com , हेल्प डेस्क नंबर 022-23058542/43 से संपर्क किया जा सकता है अथवा ई-मेल helpdesk.evoting@cdslindia.com पर भेजा जा सकता है। हेल्पडेस्क के टोल फ्री नंबर 18002109911 द्वारा भी संपर्क किया जा सकता है।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्कताएँ) नियमावली, 2015 के विनियम 42 के प्रावधानों के अनुसार, कंपनी का सदस्य रजिस्टर एवं शेयर अंतरण पुस्तिका गुरुवार, 24 सितंबर, 2026 से बुधवार, 30 सितंबर, 2026 तक (दोनों दिन सम्मिलित) बंद रहेगा।

**बोर्ड की आदेशानुसार**

**रंजन पोलिस्टर्स लिमिटेड के लिए**

Sd/-

**दिनांक: 3 सितंबर, 2026**
**स्थान: भीलवाड़ा**

(**महेश कुमार भीमसरिया**)
**प्रबंध संचालक**
DIN-00131930